

# अक्षरा सिंह

## से लेकर खेसारी लाल तक, इन 4 भोजपुरी सितारों के गाने होली की मस्ती को दोगुना कर देंगे



रंगों का त्योहार होली आने वाला है. इस दिन एक-दूसरे को रंग लगाकर खूब मस्ती करते हैं. लेकिन संगीत के बिना ये मस्ती अधूरी है. अब अगर होली हो और संगीत में भोजपुरी गानों का तड़का लग जाए, तो मजा दोगुना हो जाता है. आजकल लोग भोजपुरी गाने सुनना भी खूब पसंद कर रहे हैं. ऐसे में हम आपके लिए कुछ ऐसे भोजपुरी गाने लेकर आए हैं, जो होली पर खूब बजते हैं.

**1.फलनवा के बेटा**

अक्षरा सिंह का गाना 'फलनवा के बेटा' हाल ही में रिलीज हुआ है, जो अक्षरा के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर मिल जाएगा. ये गाना आते ही वायरल हो गया है. इस गाने पर उनके फैन्स खूब प्यार लुटा रहे हैं. इसके साथ ही भोजपुरी म्यूजिक लवर्स भी इस गाने को पसंद कर रहे हैं.

**2.होली के दिन रंग डाल**

'होली के दिन रंग डाल' गाना काफी पॉपुलर है, जिसे दिनेश लाल यादव और अंजना सिंह ने मिलकर गाया है. इस गाने की ट्यून ही आपको खुशी से नाचने पर मजबूर कर देगी. होली से पहले आप इस गाने को अपनी प्ले लिस्ट में शामिल कर सकते हैं.

**3.हमार बाड़े पति**

खेसारी लाल यादव का 'हमार बाड़े पति' गाना पिछले साल आया था, जिसने आते ही धूम मचा दी थी. भोजपुरी गानों के शौकीन लोगों का इस गाने को खूब प्यार मिला था. ये गाना आप होली के लिए प्ले लिस्ट में डाल सकते हैं. इसे सुनकर आपका होली का मजा दोगुना हो जाएगा.

**4.गरम गोदाम**

'गरम गोदाम' गाने का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोला था. इसे खेसारी लाल यादव ने गाया है. इस गाने में उनके साथ नेहा राज नजर आई थीं. ये गाना बजते ही आप थिरकने पर मजबूर हो जाएंगे. ये भोजपुरी गाना होली पर खूब सुना जाता है.

**5.होली में रंग लगा दे**

ये गाना पवन सिंह और प्रियंका सिंह नेगाया है, जो स्पेशल होली के लिए बनाया गया है. इसमें रंगों का खुमार छाया हुआ है. ये गाना सुनकर आप अपने आपको डांस करने से नहीं रोक पाएंगे. इस गाने को भी आप अपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं.

# माधुरी दीक्षित

## के सामने फीका पड़ा मलाइका का स्वैग, जानें टीआरपी के रिपोर्ट कार्ड पर किसे मिले पूरे मार्क्स



BARC की 10वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट आ गई है और हमेशा की तरह टीआरपी की इस रेस में सास-बहू शो ने अपना जलवा बरकरार रखा है. आपको बता दें, बिग बॉस के बाद इन टीवी सीरियल्स ने रियलिटी शो की छुट्टी कर दी है. हालांकि इन रियलिटी शोज में माधुरी दीक्षित का 'डांस दीवाने सीजन 4' कछुए की तरह धीमी गति से ही सही लेकिन धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है. श्रेया घोषाल के 'इंडियन आइडल' और मलाइका अरोड़ा के 'झलक दिखला जा' का ग्रेट ग्रैंड फिनाले भी माधुरी के शो के आगे फीका पड़ गया है. और रेटिंग की रेस में इस हफ्ते भी 'डांस दीवाने' नंबर वन रियलिटी शो बन गया है. आइए अब एक नजर डालते हैं टॉप 5 में शामिल हुए शो की रेटिंग पर,अब तक रुपाली गांगुली के 'अनुपमा' ने टॉप 5 शो की लिस्ट में अपना पहला नंबर बरकरार रखा है. लेकिन इस शो की टीआरपी महज 2.6 है. इस टीआरपी को बढ़ाने के लिए प्रोड्यूसर और चैनल हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऑडियंस को फिलहाल शो में चल रही अनुपमा और अनुज की कहानी बिल्कुल भी रास नहीं आ रही है.



**अनुपमा को टक्कर दे सकते हैं ये शो**

'अनुपमा' के बाद दूसरे स्थान पर 'गुम है किसी के प्यार में' है, तो तीसरा स्थान 'झनक' ने अपने नाम कर लिया है. चौथे नंबर पर पिछले दो हफ्तों से 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' बैठा हुआ है और 'तेरी मेरी दूरियां' को बाहर करते हुए पांचवें स्थान पर 'पंड्या स्टोर' ने छलांग लगाई है. लेकिन आपको बता दें, इन चारों शो की रेटिंग 2.3 है.

## 'अंदाज अपना-अपना 2' बनने जा रही, क्या 30 साल बाद फिर साथ आएंगे सलमान-आमिर खान?



आमिर खान इस वक्त अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर बिजी हैं. फिलहाल वो 'सितारे जमीन पर' की शूटिंग कर रहे हैं. जो इसी साल रिलीज होने वाली है. वहीं अगले साल भी उनकी एक बड़ी पिक्चर आने वाली है. इसमें सनी देओल और प्रीति जिंटा लीड रोल में होंगे. 'लाहौर 1947' को वो प्रोड्यूस कर रहे हैं, जिसमें उनके गेस्ट अपीयरेंस होने की खबरें भी सामने आ रही है. हाल ही में 'लापता लेडीज' को लेकर भी वो काफी चर्चा में रहे हैं. फिल्म में वो नहीं थे, लेकिन को-प्रोड्यूस किया. इसी बीच आमिर खान ने 30 साल पहले आई पिक्चर 'अंदाज अपना-अपना' को लेकर बड़ा हिंट दे दिया है.साल 1994 में 'अंदाज अपना-अपना' रिलीज हुई थी. पिक्चर में सलमान और आमिर खान दोनों साथ नजर आए थे. जबकि, करिश्मा कपूर, रवीना टंडन और जूही चावला समेत कई और सितारे भी काम करते दिखे थे. इसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया था. अमर और प्रेम की इस पिक्चर ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई की थी.

**आमिर-सलमान की पिक्चर का सीक्वल बनने जा रहा!**

सलमान खान और आमिर खान अपने अपकमिंग फिल्मों पर काम कर रहे हैं. जहां सलमान खान के लिए ये साल तैयारियों वाला होगा. तो आमिर खान साल के आखिर में एक पिक्चर के साथ धमाकेदार कमबैक करने वाले हैं. इसी बीच उन्होंने क्लासिक कॉमेडी पिक्चर 'अंदाज अपना-अपना' के सीक्वल का ऐलान कर दिया है. हाल ही में आमिर खान ने इस पिक्चर को लेकर बड़ा हिंट दे दिया है. वो कहते दिखे कि, फिल्ममेकर राजकुमार संतोषी 'अंदाज अपना-अपना' के सीक्वल की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं.

30 साल बाद आ रही इस फिल्म के सीक्वल में नए सितारों की एंट्री होगी या फिर सलमान खान और आमिर ही नजर आएंगे. इसका अबतक खुलासा नहीं हो पाया है. लेकिन आमिर खान ने आइकॉनिक जोड़ी की वापसी का भी हिंट दिया है. बीते दिनों आमिर खान ने कहा था कि, वो अपने करियर में एक बार शाहरुख और सलमान खान के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं. खैर, इसके सीक्वल की बात करें तो कुछ वक्त पहले खबरें आई थी कि, ये सीक्वल नहीं होगा. इसका नाम बदलकर 'अदा अपना अपना' कर दिया जाएगा. इसपर काफी वक्त से काम चल रहा है. अब आमिर खान ने खुद बड़ा हिंट दे दिया है.

## मैं उनसे दस गुना बेहतर हूं, जया बच्चन के लिए ये क्या बोल गईं मौसमी चटर्जी!



जया बच्चन और पैपराजी का रिश्ता बड़ा ही मजेदार है. अगर किसी एक्टर ने बदतमीजी की तो उन्हें बैन करने की हिम्मत दिखाने वाले ये पैपराजी इंडस्ट्री में सिर्फ जया बच्चन से डरते हैं. हालांकि उनके कैमरा से रिकॉर्ड हुए जया बच्चन के वीडियो सोशल मीडिया पर बार-बार देखे जाते हैं. इन वीडियो में हम देख सकते हैं कि कई बार जया बच्चन उनका नाम लेकर चिल्लाने वाले कैमरामैन को खूब डांट लगाती हैं, तो एकाध बार उनकी बात मानकर वो कैमरा के लिए पोज भी दे देती हैं.

उनका पैपराजी के साथ ये खट्टा-मीठा रिश्ता इंटरनेट पर सभी का खूब मनोरंजन करता है. लेकिन हाल ही में सीनियर एक्ट्रेस मौसमी चटर्जी ने उनकी तुलना जया बच्चन के साथ करने पर कुछ ऐसा कह दिया, जिसे सुनकर वहां मौजूद सभी लोग दंग रह गए.दरअसल मौसमी चटर्जी मुंबई में हुए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड्स में बतौर मेहमान शामिल हुईं थीं. एक मीडिया पोर्टल ने शेयर किए हुए वीडियो में हम देख सकते हैं कि मौसमी चटर्जी रेड कार्पेट पर एंट्री कर रही हैं. जब रेड कार्पेट पर आई हुई मौसमी ने ज्यादा समय तक कैमरा के सामने पोज करने से इनकार कर दिया. तब उनके साथ आई एक महिला ने उनकी तुलना जया बच्चन से कर डाली.

अचानक जया बच्चन से तुलना होने की वजह से मौसमी चौंक गईं. जब उन्हें बताया गया कि जया बच्चन भी हमेशा जल्दी में रहती हैं. तब उन्होंने जो जवाब दिया वो हैरान कर देने वाला था.

**जया बच्चन से खुद को कहा बेहतर**

मौसमी चटर्जी ने कहा, मैं जया बच्चन से 10 गुना बेहतर हूं. अब मौसमी ने ये किस संदर्भ में कहा ये अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है. लेकिन उनके इस रिएक्शन वीडियो को सोशल मीडिया यूजर्स खूब एंजॉय कर रहे हैं. आपको बता दें, पिछले 11 सालों से मौसमी चटर्जी फिल्मों से दूर हैं. लेकिन रियलिटी शो और अवार्ड फंक्शन में वो अक्सर अपनी हाजिरी लगाती हुई नजर आती हैं.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक एवं मालिक धर्मपाल सिंह द्वारा 34,0, उपाध्याय नगर ग्राम मुक्तेश्वर हापुड से प्रकाशित एवं हापुड न्यूज एंड प्रिंटिंग कंपनी, अशोक नगर शामपुर रोड हापुड, उत्तर प्रदेश से मुद्रित UPHIN/2023/51292, संपादक धर्मपाल सिंह, सभी न्याय क्षेत्र का हापुड न्यायालय होगा। संपर्क :- .9411953491, E-mail: tejyugnews@gmail.com, (इसमें छपे लेख, लेखकों के निजी विचार हैं। सम्पादक का इन लेखकों के विचारों से सहमत होना अनिवार्य नहीं है।)